तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

10 युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति : सांसद रूपकुमारी



12 छिलपावन-बागबाहरा मार्ग में धूल के गुबार ...



## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** शराब की अवैध तौर पर बिक्री कर रहे दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरायपाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि सरसीवा रोड कोटेनदरहा ईंट्ट भट्ठा के पास मोटर साइकिल में शराब रखकर दो लोग ग्राहक तलाश कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ की जिस पर उन्होंने अपने नाम संजय नायक पिता पूरन नायक (27 साल) अंकोरी थाना बसना जिला महासमुंद, अजय मानिकपुरी पिता तिलकराम मानिकपुरी (26 साल) केंदूढार थाना सरायपाली जिला महासमुंद होना बताया। तलाशी के दौरान संदेहियों के कब्जे से 100 नग देशी प्लेन शराब शोले कीमत 8000 रुपए, एक नग मोटर सायकल बरामद किया गया।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बकमा से कोटरीपानी जाने के मार्ग में एक व्यक्ति के कब्जे से बागबाहरा पुलिस ने महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी आरोपी खुरदेव ठाकुर पिता दुतिया ठाकुर (27 वर्ष) कोटरीपानी के कब्जे से लगभग 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को जब्त कर कार्रवाई की है।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने डॉ. शेषनारायण

**महासमुंद।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के नए जिला संयोजक डॉ. शेष नारायण गुप्ता होंगे। भाजपा



प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की जिला संयोजक व सह संयोजकों की घोषणा की गई है। जिसमें संयोजक डॉ. शेष नारायण गुप्ता एवं डॉ. प्रकाश पटेल एवं डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा सहसंयोजक होंगे। डॉ. गुप्ता ने नियुक्ति पर भाजपा संगठन के प्रदेश एवं स्थानीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### चखना ठेला संचालकों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** चखना ठेला में शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि बम्हनी शराब दुकान के पास दो लोग अपने चखना ठेला में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पूछताछ की जिस पर उन्होंने अपने नाम नाम पीतांबर सिन्हा पिता श्रवण सिन्हा (42 साल) निवासी नवागांव थाना गोबरा नयापारा जिला रायपुर और गोकुल ध्रुव पिता राधु ध्रुव (43 साल) निवासी नवागांव थाना गोबरा नयापारा जिला रायपुर का निवासी होना बताए।

# कांग्रेसियों के कृत्य को बताया अमर्यादित, महिला मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- निंदा करते हुए दोहराई मांग- भविष्य में न हो इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति

इंडिया एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस के इंपैक्ट सिस्टम से जुड़े कथित अमर्यादित एवं अभद्र कृत्य के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा जिला महासमुंद द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा विभा अवस्थी के निर्देशानुसार, जिला अध्यक्ष येतराम साहू के मार्गदर्शन तथा भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में इस अवसर पर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस प्रकार की अमर्यादित गतिविधियां लोकतांत्रिक मूल्यों



एवं सामाजिक मर्यादाओं के सर्वथा प्रतिकूल हैं। भाजपा महिला मोर्चा ऐसे कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करती है तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसकी मांग करती है।

कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर, प्रदेश/जिला कार्यकारिणी सदस्य कौशल्या बंसल, उत्तरा पहरे, निरंजना शर्मा (महामंत्री), शुभ्रा मनीष शर्मा, मीना वर्मा, प्रीति बदल मक्कड़, विजय लक्ष्मी जांगड़े, प्रमिला साहू, मधु यादव, चुनेश्वरी साहू, गिरिजा दास, कल्पना सिंहा, गीतिका सोनी, दुर्गा चंद्राकर, सुनीता साहू (पार्षद), सुनैना ठाकुर, धनेश्वरी सोनवानी, मैना कोसले, दुर्गा सर्वा, पुष्पांजलि सिंहा, चंद्रलेखा साहू, शकुन यादव, जमुना कनौजे, सुनीता यादव, गिरजा ढीवर, रेनू यादव, लता यादव, दामिनी साहू, लक्ष्मी साहू, नंदनी यादव, चंद्रमणि शर्मा, मानसी भारती एवं कुमारी यादव सहित जिला महिला मोर्चा एवं विभिन्न मंडलों की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में राहुल चंद्राकर, देवीचंद राठी, मनीष बंसल, प्रकाश शर्मा, पंकज चंद्राकर, अमन वर्मा, कुरैशी, अग्रज शर्मा, पप्पू ठाकुर, चंद्र बदन मिश्रा, मिलिंद चंद्राकर, अमित साहू, लिलेश साहू, महेंद्र सिका, आयुष दुबे एवं कादर राजपूत सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा सदैव राष्ट्रहित, महिला सम्मान एवं सामाजिक मर्यादाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की अभद्रता के विरुद्ध मुखर होकर आवाज उठाती रहेगी। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आनंद साहू द्वारा दी गई।

## चिब की गिरफ्तारी पर युकां ने जलाया पीएम का पुतला



**महासमुंद।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेसजनों ने पटेवा बस स्टैंड में विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशन में उक्त विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष सौरभ लोधी ने किया। लोधी ने केंद्र सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। सौरभ ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है और गिरफ्तारियों से सच की आवाज दबाई नहीं जा सकती। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस अन्याय के खिलाफ डटकर लड़ाई जारी रखेगी। इस अवसर पर मदन पटेल, अभय कुंभकार, लोमेश यादव, गुणसागर पटेल, यशवंत ध्रुव, गुलशन साहू, मनोज, पीलेश यादव, द्वारिका कुर्रे, विकास साहू, पूरन साहू, इमरान आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्रवाई : ओडिशा के अंगुल से महाराष्ट्र के अकोला ले जा रहे थे भारी मात्रा में गांजा

# 68 लाख रुपए का गांजा पकड़ाया, 8 तस्करों में शामिल महिला भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं थाना सिंघोड़ा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गांजा का अवैध परिवहन कर रहे आठ तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से साढ़े 68 लाख रुपए का 137 किलो गांजा बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा के तस्करों पर महासमुंद पुलिस ने एंड टू एंड कार्रवाई करते हुए अंगुल ओडिशा से अकोला महाराष्ट्र के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस पूरे सप्लाई चैन को तोड़ने में सफलता मिली है। जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिंग कार्रवाई की जा रही है, इसी दरमियान सूचना मिली



की एक मारूति सुजुकी इको कार क्रमांक ओडी 19 टी 6003 एवं उसके पीछे एक टोयोटा कार क्रमांक एमएच 01 बी के 4102 में ओडिशा की ओर से अवैघ मादक पदार्थ गांजा लाया जा रहा है।

इस सूचना के बाद एनएच 53 रोड रेहटीखोल पहुंच कर नाकाबंदी की गई। जहां कुछ देर बाद उक्त वाहनें आई। मारूती सुजुकी इको में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शिवा साहू पिता विश्वनाथ साहू (40 साल) एवं थाना छेंदीपदा जिला अंगुल ओडिशा बगल सीट में बैठी महिला ने अपना नाम नीलोफर शफी पति मो. शफी (40 साल) फिरदौस कॉलोनी मोतीवाल थाना अकोटफेल जिला अकोला महाराष्ट्र एवं उसके पीछे सीट में बैठे व्यक्ति अपना नाम सुल्तान खान पिता समरोज खान (34 साल) पंजरापुल दिन क्यूरी रोड थाना टांबे जिला चेंबूर महाराष्ट्र, नरोत्तम बेहरा पिता गोविंद बेहरा (40 साल) बहालसाही थाना छेंदीपदा जिला अंगुल ओडिशा, सुशील साहू पिता नीलकंठ साहू (34 साल) बहालसाही थाना छेंदीपदा जिला अंगुल ओडिशा का निवासी बताये, वहीं टोयोटा कार के डायवर सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम दिलशाद खान पिता शाहिब खान (33 साल) चन्नी डोरिया थाना अमौर जिला बिहार एवं बगल सीठ में बैठा व्यक्ति अपना नाम शेख जब्बार पिता शेख जफ्फार (27 साल) फिरदौस कॉलोनी मोतीवाल थाना अकोटपेल जिला अकोला महाराष्ट्र व बुधु भूतिया पिता धोबा भूतिया (29 साल) छेंदीपदा थाना छेंदीपदा जिला अंगुल ओडिशा का होना बताया।

### वाहन, मोबाइल, गांजा सहित कुल 78 लाख की जब्ती

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 137 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, कीमत 68,50,000 रुपए, टोयोटा कीमत 4,00,000 रुपए, मारूति सुजुकी इको कार कीमत 2,00,000 रुपए, एवं 07 नग मोबाईल कीमत 27,000 नगदी रकम 11,400 रुपए कुल 74,88,400 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 बी (दो) (सी), 29 -1) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गांजा तस्करी मामले में युवक को 12 वर्ष का सश्रम कारावास की सुनाई सजा

**महासमुंद।** अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने ओडिशा कोरापुर जिले के अंतर्गत ग्राम वारणीफुट राणाशाही निवासी 25 वर्षीय रंजन खोरा पिता लक्ष्मण खोरा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (II) (ग) के तहत 12 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार बागबाहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 31 जुलाई 20 को एनएच 353 पर पिथौरा चौक के पास आने जाने वाले वाहनों को रोककर समझाइश दे रहे थे, उसी समय खरियार रोड की ओर से एक स्लेटी कलर का टाटा टीआगो क्रमांक ओडी 10 एन 7574 आया। जिसमें एक अपचारी बालक और रंजन खोरा बैठे हुए थे। छग आने के संबंध में पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नही दे पाए। संदेह पर वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच की तो वाहन के पीछे डिक्की में 10 पैकेटों में लिपटा 50 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

# शराब पीकर स्कूल आने वाले शिक्षक पर कार्रवाई, जेडी ने किया निलंबित

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मानपुर, विकासखंड महासमुंद में पदस्थ शिक्षक थानेश्वर प्रसाद मार्कंडेय को शराब सेवन कर विद्यालय पहुंचने, सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। संभागीय सचिव एवं संयुक्त संचालक शिक्षा, रायपुर संभाग संजीव श्रीवास्तव द्वारा जारी आदेश के अनुसार संबंधित शिक्षक का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत पाया गया। इस पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9(1) के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया गया है। जानकारी के अनुसार 11 फरवरी 2026 को शिक्षक थानेश्वर प्रसाद मार्कंडेय शराब के नशे की हालत में विद्यालय पहुंचे और अन्य शिक्षकों से विवाद एवं दुर्व्यवहार किया। आरोप है कि इसके बाद वे कक्षा आठवीं में जाकर विद्यार्थियों के साथ भी अनुचित व्यवहार किया। घटना से आक्रोशित विद्यार्थियों ने इसकी शिकायत अपने पालकों से की। इस मामले की सूचना पर ग्रामीणों ने आरक्षी केंद्र पटेवा के माध्यम से शिक्षक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में चिकित्सीय परीक्षण हेतु भेजा, जहां जांच रिपोर्ट में शराब सेवन की पुष्टि हुई। जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर संभागीय स्तर से यह कार्रवाई की गई। निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिक्षण संस्थानों में अनुशासन एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## किसान मुकेश कमा रहे हैं एक पेड़ से 3 हजार रुपए वार्षिक आय

# ऑयल पाम की खेती, एक एकड़ में सवा लाख का मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पाम ऑयल उत्पादन में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, आयात पर निर्भरता कम करने तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से संचालित नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल -ऑयल पाम योजना महासमुंद जिले के किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। इस योजना के माध्यम से किसान अपनी बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर लाखों रुपए की वार्षिक आय अर्जित कर रहे हैं और अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहे हैं। जिले में इस योजना तहत लगभग 400 किसान लगभग 450 हेक्टेयर क्षेत्र में ऑयल पाम की खेती कर रहे हैं।

इसी क्रम में सरायपाली भलेसर गांव के उन्नत किसान मुकेश चंद्राकर, जिन्होंने वर्षों से बंजर पड़ी अपनी 33 एकड़ भूमि पर वर्ष 2016 में ऑयल पाम की खेती प्रारंभ की। वे शासन की योजना से पाम खेती के लिए प्रेरित



हुए और अपनी पूरी भूमि पर लगभग 1900 पौधे लगाए। योजना के अंतर्गत उन्हें पौध प्रदाय, फेंसिंग, रखरखाव तथा ड्रिप सिंचाई जैसी सुविधाएं अनुदान पर मिला। तीन से चार वर्षों में उत्पादन प्रारंभ हुआ, जो लगभग 35 वर्षों तक लगातार फल देता रहेगा। वर्तमान में मुकेश एक पौधे से औसतन 3000 रुपये वार्षिक आय अर्जित कर रहे हैं। प्रति एकड़ लगभग 1 लाख 25 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पाम पौधों के बीच अंतरवर्तीय फसल के रूप में पहले केले की खेती की, जिससे उन्हें लगभग डेढ़ लाख रुपए का लाभ हुआ। वर्तमान में वे कोको की खेती कर निजी कंपनियों को उत्पाद विक्रय कर रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है।

चंद्राकर बताते है कि कम पानी, कम खाद एवं कम कीटनाशक में अधिक उत्पादन और बेहतर लाभ मिलने के कारण किसानों को पाम की खेती अपनानी चाहिए। चंद्राकर न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि अपने खेतों में दो दर्जन से अधिक लोगों को स्थायी रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। स्थानीय मजदूरों के अनुसार, पहले रोजगार के लिए भटकना पड़ता था, जबकि अब वर्षभर यहीं नियमित कार्य उपलब्ध हो रहा है।

गौरतलब है कि खाद्य पदार्थों, साबुन, शैंपू, सौंदर्य प्रसाधन तथा औषधि निर्माण में इसका व्यापक उपयोग होता है। ऐसे में जिले में कम लागत, कम श्रम, कम पानी एवं अधिक आय देने वाली पाम खेती किसानों की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। यह पहल फसल चक्र परिवर्तन को बढ़ावा देने के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हो रही है।

महासमुंद जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता |
| सरायपाली | 3 पद | 12वीं से स्नातक |
| पिथौरा | 2 पद | वेतन |
| बागबाहरा | 4 पद | 12000/- |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, बागबाहरा क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : प्रीतम प्राईड काम्प्लेक्स, महासमुंद मो. 9981131365
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप

### शराब पीने मांगे पैसे धरा गया लूट का आरोपी

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने लूटपाट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी यश तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 दिसंबर 2025 को वह महादेवघाट मंदिर से वापस लौट रहा था। इसी दौरान महादेवघाट तिराहे के पास उमेश उर्फ चाटी एवं भोज साहू निवासी ग्राम अछोला तुमगांव महासमुंद हाल पता चंगोराभाठा ने शराब पीने के लिए उससे पैसों की मांग की। मना करने पर दोनों ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज एवं मारपीट कर उसका मोबाइल एवं नकदी पैसे लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए भोज साहू को गिरफ्तार किया, वहीं उसका साथी अभी भी फरार है।

### शराब के नशे में की दुर्घटना, चालक गिरफ्तार

**रायपुर।** शराब के नशे में ड्राइविंग कर दोपहिया वाहन चालक को ठोकर मारकर घायल करने वाले ट्रेलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एनएच-53 रिंग रोड नंबर-1 पर 23 फरवरी को सुबह 11 बजे कंटेनर ट्रेलर क्रमांक आरजे-14-जीके-1567 के चालक ने शराब के नशे तेज गति से वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार को ठोकर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रामकृष्ण अस्पताल में दाखिल कराया गया है। घटना के बाद ट्रेलर चालक फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी चालक की पहचान इमारत सिंह राजपूत निवासी मकरझीर सनईडोंगरी, तहसील लखनाडोन थाना धूमा जिला सिवनी मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। घटना के समय आरोपी नशे में था। इसकी पुष्टि भी डाक्टरी परीक्षण में हो गया है।
इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 110 व 125(क) तथा एमवी एक्ट की 185, 130(3), 177 के तहत दर्ज किया है। आरोपी द्वारा वाहन के आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। इस मामले में भी कार्रवाई की जा रही है।

### राशन दुकान में मिली अनियमितता, कारण बताओ नोटिस जारी

**रायपुर।** नगर निगम उपायुक्त अंजली शर्मा ने मंगलवार को धरसीवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत तिवरैया स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान में वितरण व्यवस्था, स्टॉक स्थिति एवं रिकॉर्ड संधारण की जांच की गई। इस जांच में अनियमितता पाई गई। इस आधार पर दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### कलेक्टर ने ली डाक सेवकों की समीक्षा बैठक

**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में कलेक्टर गौरव सिहं ने मंगलवार को डाक सेवकों की बैठक लेकर समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने डाक सेवकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी रोजाना अपने डाक घरों में 0 से 05 वर्ष की आयु के बच्चों का आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य 25 से अधिक रखें ताकि सभी बच्चों का आधार कार्ड जल्द से जल्द बन सके। उन्होंने सभी को डेली मॉनिटरिंग रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बच्चों के परिजनों से अपील की है कि जिनके बच्चों की उम्र 0 से 05 वर्ष की है वे 31 मार्च से पूर्व निःशुल्क रूप से अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवा लें, क्योंकि मार्च 2026 के बाद यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड बनाने पर शुल्क लगेगा।

### अपर कलेक्टर राठौर ने पीएमश्री स्कूल खोरपा का किया निरीक्षण

**रायपुर।** अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर ने मंगलवार को खोरपा प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने पीएमश्री स्कूल, शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा अभनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने स्कूल में विद्यार्थीयों लिए पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व शासकीय उचित मूल्य दुकान में चावल और नमन का जांच किया।

**आयोजन : नई पीढ़ी के विचारों से सशक्त होगा भारत का लोकतंत्र-युवा संसद में सांसद का आह्वान**

# युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति : सांसद रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय नई दिल्ली भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद 2026 जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद सभागार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 25 फरवरी को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी, विशिष्ट अतिथि संदीप दीवान सभापति रेडक्रॉस व अध्यक्ष बाल विकास समिति, संदीप घोष महाविद्यालय सांसद प्रतिनिधि एवं विधायक प्रतिनिधि कृषि, विशिष्ट अतिथि एतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, निर्णायक मंडल एवं जूरी देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नगर पालिका, पारस चोपड़ा जिलाध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन महासमुंद, डॉ सुभाष चंद्राकर राजनीति विज्ञान विभाग दुर्गा महाविद्यालय रायपुर, डॉ संगीता घई प्राचार्य डागा महाविद्यालय रायपुर मंचस्थ रहे। साथ ही जनप्रतिनिधि आनंद साहू, पंकज चंद्राकर, अमन वर्मा, लिलेश साहू, अमित साहू, नरेश नायक, अभिषेक पांडे, महेंद्र सिक्का, आयुष दुबे उपस्थित रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो व जिला नोडल युवा संसद कार्यक्रम एवं प्रो. अजय कुमार राजा जिला सहायक नोडल, युवा संसद कार्यक्रम के संयोजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का पंजीयन प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ हो गया था। कार्यक्रम में अतिथि आगमन पश्चात मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं स्तुति कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। मंचस्थ सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंटकर व बैच लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में डॉ मालती तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय युवा संसद 2026 कार्यक्रम का थीम आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक रहा। यह कार्यक्रम विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम (वीबीवाईसीपी) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के तहत एक प्रमुख पहल है, जो विकसित भारत @ 2047 की राष्ट्रीय दृष्टि के अनुरूप है। यह कार्यक्रम भारत के युवाओं और शीर्ष कानून निर्माताओं के बीच एक जीवंत सेतु का काम करने के लिए एमवाई भारत प्लेटफॉर्म का लाभउठाता है। यह पहल युवाओं के बीच संवाद, नेतृत्व और नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देती है, जिससे सूचित और व्यस्त नागरिकों की एक नई पीढ़ी का निर्माण होता है। कार्यक्रम का उद्दे श्यः युवाओं को नेतृत्व और नागरिक जागरूकता को मजबूत करने के लिए भागीदारी गतिविधियों के माध्यम से जोड़ना। एमवाई भारत पंजीकरण अभियानों के माध्यम से युवाओं को डिजिटल रूप से जोड़ना। नीति-स्तरीय अनुभव के लिए बहस और युवा संसद जैसे इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म तैयार करना।

मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। युवा वर्ग समय के हिसाब से आधुनिक तकनीक का उपयोग कर आगे बढ़ना है, तभी विकसित भारत 2047 का सपना पूरा कर सकेंगे। शिक्षित सुरक्षित और सशक्त हो कि महिलाओं को सुविधा एवं सामान अधिकार मिलेगा। समाज में ही महिलाओं की भागीदारी समान रूप से होगी तो राष्ट्र की विकास में मजबूती मिलेगी। राष्ट्रवाद मैं नहीं, हम की ओर ले जाती है, जो सबसे बड़ी शक्ति कहलाती है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से संसद सदस्यों और राज्य नेतृत्व के साथ जुड़ाव के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की उभरती प्रतिभा को प्रदर्शित करना। युवा संसद के माध्यम से विद्यार्थी में नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। ऐतराम साहू ने कहा कि संसद भवन का रूपरेखा तैयार कर इस प्रकार का आयोजन करना भी शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें विद्यार्थियों को संसद में होने वाले गतिविधियों का ज्ञान होता है। संदीप दीवान ने बताया कि हम इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर अपने बौद्धिक क्षमता का विकास करने का अवसर प्रदान करते है। भविष्य में हम युवा भारत को एक गौरवशाली राष्ट्र के रूप में विकसित करने की क्षमता रखते है। हमें एकता के भाव के साथ राष्ट्र के उत्थान में सहभागिता प्रदान करें। देवीचंद राठी, पारस चोपड़ा, डॉ सुभाष चंद्राकर, डॉ संगीता घई ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रीता पांडेय, डॉ आरके अग्रवाल, एस आर रात्रे, राजेश्वरी सोनी, दिलीप कुमार बढ़ाई, आशुतोष पूरी गोस्वामी, प्रियंका सोनवानी, मनबोध चौहान, सरस्वती सेठ, मुकेश साहू कार्यालय प्रमुख, डॉ प्रिया बारीक, गायत्री चंद्राकर कार्यक्रम अधिकारी रासेयो शांत्रीबाई महाविद्यालय, अनीता वंजारी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो गुड शेफर्ड स्कूल सहित अधिक संख्या में महाविद्यालय अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र का संचालन अजय कुमार राजा सहायक जिला नोडल अधिकारी युवा संसद कार्यक्रम ने किया। संसद की कार्रवाई का संचालन विजय कुमार मिर्चे अतिथि सहायक प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र ने किया।





### चयनित 10 प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

निर्णायकों द्वारा 10 प्रतियोगियों का चयन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान भूमिका दुबे शांत्रीबाई महाविद्यालय, द्वितीय गरिमा परमार शासकीय पीजी कॉलेज, तृतीय हिमांशी चंद्राकर शांत्रीबाई महाविद्यालय, चतुर्थ दिनेश साहू शासकीय पीजी कॉलेज, पांचवां ऋतु साहू शासकीय पीजी कॉलेज, छठवां गोविंद साहू शासकीय पीजी कॉलेज, सातवां सोनू शांत्रीबाई महाविद्यालय, आठवां नुसरत फातमा शासकीय पीजी कॉलेज, नौवां श्रेया मिश्रा इंडियन कॉलेज एवं दसवां स्थान सुषमा साहू शांत्रीबाई महाविद्यालय महासमुंद रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सदन को कार्रवाई के लिए अध्यक्ष के रूप में दिव्यानी सोनवानी शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। साथ ही विशेष सहयोग के लिए प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र एवं रोहित ढीमर जनभागीदारी व्याख्याता वाणिज्य को भी प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी सम्मिलित स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।


# बिजली की डिमांड अभी से छह हजार मेगावाट पार, गर्मी में और चढ़ेगा खपत का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में फरवरी में ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। इसके कारण बिजली की खपत का पारा भी चढ़ने लगा है। अभी खपत छह हजार मेगावाट के पार हो गई है। आने वाले समय में जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ेगा, वैसे-वैसे खपत का पारा भी चढ़ेगा। बीते साल खपत 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना जताई गई थी, लेकिन खपत सात हजार मेगावाट तक चली गई। इस बार खपत सात हजार मेगावाट के पार जाने की पूरी संभावना है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जहां अपने संयंत्रों के लिए भरपूर कोयले की व्यवस्था करके रखी है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से भी चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेने की व्यवस्था है। गर्मी में बिजली की कमी न होने का पॉवर कंपनी का दावा है। यह बात अलग है कि ऐन समय में अगर कंपनी के किसी संयंत्र में खराबी आ गई और वह बंद हो गया, तो जरूर कुछ समय के लिए संकट आ सकता है। ऐसे में जरूर कटौती करनी पड़ सकती है।

- बीते साल गर्मी में खपत सात हजार मेगावाट के पार गई थी

इस बार गर्मी का आगाज फरवरी से ही हो गया है। इसी के साथ बिजली की खपत भी लगातार बढ़ रही है। पहले खपत 55 सौ मेगावाट के पार गई लेकिन अब पारा 35 डिग्री के करीब पहुंचने के कारण खपत भी लगातार बढ़ रही है। अब पीकऑवर में खपत कभी छह हजार मेगावाट तो कभी इससे भी ज्यादा हो रही है। बीते साल मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जाने के कारण पूरे देश में बिजली की खपत बढ़ी थी और अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई थी। इस बार फरवरी या फिर मार्च में पिछला रिकॉर्ड टूट जाएगा।



**भरपूर व्यवस्था**

गर्मी में खपत को देखते हुए पूरी व्यवस्था की गई है। किसी भी तरह से कोई परेशानी नहीं होगी।

- संजीव कुमार कटियार
एमडी, उत्पादन कंपनी

### खपत का बनेगा नया रिकॉर्ड

इस बार गर्मी में जरूर खपत का नया रिकॉर्ड बनेगा। हो सकता है कि मार्च में भी बीते साल का रिकॉर्ड टूट जाए। मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है जितनी बीते साल हुई थी। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत खपत 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई। 17 मार्च को पीक आवर में खपत 6376 मेगावाट तक गई थी। इस बार मार्च का आगाज होने पर मालूम होगा कि पारा कहां तक जाता है। उसके हिसाब से खपत भी होगी। लेकिन यह बात तय है कि इस बार मई-जून में जरूर खपत सात हजार मेगावाट के पार होगी।

**बिलासपुर में लगाए गए अवैध मोबाइल टॉवर का मुद्दा उठा**

# अवैध मोबाइल टॉवर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा- परीक्षण करा लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने बिलासपुर जिले में अवैध रूप से लगाए गए मोबाइल टावरों का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा, बिलासपुर जिले में कई जगहों पर अवैध टावर लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जवाब में कहा, लिखित में दे दीजिए, परीक्षण करा लेंगे।

विधायक सुशांत शुक्ला ने पूछा कि मोबाइल टावर लगाने के लिए आवेदन किस विभाग द्वारा स्वीकार किया जाता है, कितने आवेदन किस-किस सेवा प्रदाता कंपनी से मिले हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोबाइल टावर लगाने के लिए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित 'राइट ऑफ वे' पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाते हैं।

सुशांत शुक्ला ने आगे सवाल किया कि वर्ष 2024 से जनवरी 2026 तक कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितनों को अनुमति की गई?



### 426 आवेदन में से 18 को मिली अनुमति

मुख्यमंत्री ने बताया कि 426 आवेदन आए थे, जिनमें से 18 को अनुमति जारी की गई है। वहीं 246 आवेदन निजी भूमि से संबंधित होने पर संबंधित सेवा प्रदाता को सुचना दी गई है। इसके बाद विधायक सुशांत शुक्ला ने पूछा कि अवैध टावर पर कब और क्या कार्रवाई होगी? इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मामले की लिखित में जानकारी देने के बाद जांच की जाएगी।

## अरपा भैंसाझार परियोजना अनियमितता की जांच ईओडब्ल्यू कर रही

**रायपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बजट सत्र के दूसरे दिन एक बार फिर सदन में अरपा भैंसाझार परियोजना में हो रही 23.46 करोड़ के फर्जी भुगतान की अनियमितता का ममला उठाया। उन्होंने राजस्व मंत्री से पूछा कि अरपा भैंसाझार परियोजना में हुई अनियमितता को स्वीकारा गया था, उन घोटालेबाजों पर क्या कार्रवाई की जा रही है।





- अरपा भैंसाझार परियोजना में फर्जीवाड़ा थम नहीं रहा- धरमलाल

उन्होंने कहा, कागज़ों में योजना की लाइनिंग, डिजाइन बदल दी गई और करोड़ों रुपए के मुआवजे की बंदरबांट कर दी गई। कांग्रेस कार्यकाल में यह फर्जीवाड़ा तो केवल एक गांव का उदाहरण है, इसी तरह पूरे राज्य में परियोजनाओं में करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा किया है।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब में कहा, मामले में हुए घोटाले की कार्रवाई ईओडब्ल्यू द्वारा प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि ईओडब्ल्यू द्वारा प्रारंभिक जांच 16 जुलाई 2025 को पंजीबद्ध कर की जा रही है। जल्द ही इसका परिणाम प्राप्त होगा और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।

श्री कौशिक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, इस परियोजना की नींव पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के भाजपा शासन काल के दौरान पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी ने रखी थी और कांग्रेस के सत्ता में आते ही सभी योजनाओं जैसे इस परियोजना में भी भारी मात्रा में भ्रष्टचार किया गया।

# सीबीएसई का नया कारनामा, दो घंटे देर से प्रारंभ हुआ 12वीं का पर्चा, छात्रों को कमरे में रखा बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित बारहवीं की परीक्षा में मंगलवार को बड़ी चूक हो गई। मंगलवार को बारहवीं कक्षा का अकाउंट का पर्चा था। अन्य विद्यालयों के साथ डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित केंद्रीय विद्यालय को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां दो निजी स्कूलों के लगभग 100 से अधिक छात्र परीक्षा दिलाने पहुंचे थे। परीक्षा का समय 10.30 से 1.30 निर्धारित था। छात्र निर्देशानुसार परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटे पहले पहुंच गए। छात्रों को 10 बजे कक्ष में प्रवेश देकर अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गईं, लेकिन 10.30 बजे छात्रों को प्रश्नपत्र बांटे नहीं जा सके।



छात्रों से कभी कहा गया कि 10 मिनट में प्रश्नपत्र पहुंच जाएगा तो कभी कहा गया कि 15 मिनट में प्रश्नपत्र उन्हें मिल जाएगा। इस तरह छात्रों को लगभग 2 घंटे इंतजार के बाद करीब 12 बजे प्रश्नपत्र बांटे गए। परीक्षाएं 3 बजे तक चली।

**राज्य सरकार ने जन सुरक्षा के मद्देनजर लिया निर्णय**

# होली के दिन अब नहीं खुलेंगी शराब की दुकानें, शासन ने वापस लिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होली के दिन भी शासकीय शराब दुकानों को खोले जाने के मामले में राज्य सरकार बैकफुट पर आ गई है। सरकार ने इस आदेश को वापस ले लिया है। यानी अब हर बार की तरह इस बार भी होली के दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी। बताया जा रहा है कि यह फैसला लोगों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा शांति पूर्ण रूप से होली पर्व को मनाया जा सके, इसके मद्देनजर लिया गया है।

शासन ने चालू वर्ष से 7 ड्राई डे में से 3 ड्राई डे जिसमें होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को मुक्त किया था। इन तीनों ड्राई डे के दिन भी प्रदेश में शराब की दुकानों के साथ अहाता खोलने का आदेश जारी हुआ था। इस आदेश के तहत 30 जनवरी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन शराब की दुकानों के साथ अहाते भी खुले रहे। हालांकि इसका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया था। पूर्व में जारी आदेश के तहत होली में रंग-गुलाल खेलने के दिन भी शराब दुकान-अहाता को खोले जाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन अचानक इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा कर दी कि होली के दिन शराब दुकानें नहीं खुलेंगी। इस घोषणा के अनुरूप इस संबंध में मंगलवार को आबकारी विभाग ने आदेश भी जारी किया है, जिसके तहत अब रंग-गुलाल खेलने के दिन शराब की दुकानों-अहातों को बंद रखने कहा है।

### लाइसेंसी होटल-बार, रेस्टोरेंट में भी शराब परोसने पर प्रतिबंध

आबकारी विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र सिंह भारद्वाज ने होली के दिन शराब दुकान-अहाता बंद रखने संबंधित आदेश जारी किया है। इस आदेश में आबकारी विभाग से शराब पिलाने का लाइसेंस प्राप्त होटल, बार, रेस्टोरेंट एवं क्लब में भी होली के दिन शराब परोसने पर प्रतिबंध लगाया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई है।



### *जिला, संभाग एवं राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीमें होंगी गठित*

*प्रतिबंध के बाद भी होली के दिन कुछ होटल, क्लब, रेस्टारेंट एवं बार में चोरी छिपे शराब परोसी जाती है। इसके अलावा कई लोग अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हैं। इसके अलावा होली के कुछ दिन पहले अवैध रूप से शराब की तस्करी-परिवहन जैसे कई मामले पिछली होली के दौरान सामने आ चुके हैं। इसे देखते हुए विभाग ने जिला, संभाग और राज्य स्तरीय टीमें गठित करने के निर्देश दिए हैं। ये सभी टीमें होली के दिन शराब परोसने, अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन करने वालों पर नजर रखेगी।*




# हर वर्ग के व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़ने वाला बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

भाजपा झलप मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर और जिला महामंत्री राकेश साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बजट की तारीफ करते हुए हर वर्ग के व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़ने वाला बजट बताया। अपने कार्यकाल के तीसरी बजट में शिक्षा, खेल, सिंचाई, बैराज डेम, किसान एवं बालिकाओं, महिला सशक्तिकरण का विशेष ध्यान रखा है। 25 महाविद्यालय के निर्माण के लिए 25 करोड रुपए का प्रावधान रखे गए है। 100 करोड़ शिक्षा के





गुणवत्ता बढ़ाने के लिए, ओलंपिक खेल के लिए 10 करोड़ का बजट में लाया गया। सिंचाई बैराज डेम सिकासेर नहर के लिए 3047 करोड़ का सौगात मिली है। बालिकाओं के 18 वर्ष की उम्र पूर्ण होने पर 1.5 लाख, 250 महतारी सदन 75 करोड़, मितानिन कल्याण निधि के लिए 350 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का भी आभार व्यक्त किया, जिनके प्रयास से महासमुंद में नर्सिंग कॉलेज एवं झलप-रायतुम-अचानकपुर मार्ग के लिए 15 करोड़ की स्वीकृति मिली है।

# जिपं उपाध्यक्ष भीखम सिंह ने बजट का किया स्वागत, कहा: 'विकास को मिलेगी नई दिशा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ के ऐतिहासिक बजट का महासमुंद जिला एवं खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्वागत किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट कृषि, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं युवा विकास पर केंद्रित एक दूरदर्शी एवं जनहितैषी दस्तावेज के रूप में देखा जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 10,000 करोड़ का प्रावधान प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कृषि पंपों के लिए 6,700 करोड़ की बिजली सब्सिडी, 5 नए कृषि महाविद्यालयों की स्थापना तथा सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार से खल्लारी क्षेत्र में कृषि उत्पादन को नई गति मिलेगी। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि बागबाहरा कॉलेज के लिए भी इस बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।



ग्रामीण विकास को बल देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन के लिए हजारों करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नई सड़कों का निर्माण, नगरीय निकायों के विकास कार्यों एवं अधोसंरचना विस्तार के लिए विशेष राशि निर्धारित की गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र में 8,050 करोड़ के प्रावधान के साथ जिला अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार, नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में समग्र शिक्षा अभियान के माध्यम से विद्यालय भवनों का उन्नयन, डिजिटल शिक्षा का विस्तार एवं छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में रानी दुर्गावती योजना के अंतर्गत 18 वर्ष पूर्ण करने वाली बेटियों को 1.5 लाख की सहायता, स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन तथा पोषण योजनाओं के विस्तार का प्रावधान किया गया है। युवाओं के लिए एआई मिशन, स्टार्टअप मिशन, स्पोर्ट्स एक्सलेंस मिशन एवं कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही वीबीजीआर एवं अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए 40,000 करोड़ से अधिक का प्रावधान प्रदेश के समग्र विकास को नई ऊंचाई देगा।

ठाकुर ने कहा कि यह बजट महासमुंद एवं खल्लारी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करेगा और सरकार की जनकल्याण सर्वोपरि की भावना को प्रतिबिंबित करता है।

उन्होंने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए स्थानीय स्तर पर समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे।

## खल्लारी के लिए बजट प्रावधान नहीं करना उपेक्षापूर्ण: तारेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

ऐतिहासिक धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी के विकास के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं होने से क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी व सरकार के विरूद्ध आक्रोश व्याप्त है। लगातार पत्राचार, पोस्टकार्ड अभियान, ज्ञापन, आवेदन के बाद भी खल्लारी को उपेक्षित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू ने कहा कि लगातार दैवीय मंदिर खल्लारी पहुंच मार्ग जो नेशनल हाइवे 353 स्थित मुख्य मार्ग से मंदिर तक महज दो किलोमीटर के सड़क चौड़ीकरण तथा गौरव पथ निर्माण की मांग राज्य निर्माण के बाद से लगातार की जाती रही है। इसके लिए भी लगातार पत्राचार, शासन, प्रशासन, मंत्रियों, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, आवेदन सौंपा गया। लेकिन, इस महत्वपूर्ण व बहुचर्चित मांग पर सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई।



- खल्लारी पहुंच मार्ग चौड़ीकरण की बहुचर्चित मांग फिर एक बार नजर अंदाज

## भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक बने विष्णु



**महासमुंद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय द्वारा छग के सभी जिलों में भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं जिला सह संयोजकों की अधिकारिक सूची जारी की गई। जिसमें पूर्व पार्षद विष्णु चंद्राकर को महासमुंद जिला का जिला सह संयोजक भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ महासमुंद बनाया गया है। विष्णु ने कहा कि जब वे भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ छग के कार्य समिति सदस्य था, तब विभाग में गुणदोष के आधार पर अपनी आवाज बुलंद करता रहा हूं। आज मुझे महासमुंद जिला में जिला सह संयोजक का दायित्व दिया गया। दिये गये दायित्व को पूर्ण निष्ठा से पूर्ण करूंगा। साथ ही शिक्षकों और बच्चों के स्थानीय समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। विष्णु ने अपनी नियुक्त पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कांतिलाल जैन, महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, महासमुंद जिला अध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी आदि का आभार जताया है।

# विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करने वाला बजट : भाऊराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का संकल्प बजट 2026-27 देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने बजट को जन-जन की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बताते हुए कहा कि इसमें किसान, युवा, महिला, व्यापारी और मध्यम वर्ग सहित समाज के हर वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को साकार करने की मजबूत आधारशिला रखता है। भाऊराम ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि बजट में बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष फोकस दिया गया है, जिससे महासमुंद जिला सहित पूरे प्रदेश को लाभ मिलेगा। पार्षद साहू ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से महासमुंद विधानसभा के लिए बजट में हुए प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि विधायक सिन्हा के भगीरथ प्रयासों से ही सिरपुर-मोहमेला बॅराज प्रोजेक्ट 690 करोड़, सिकासेर-कोडार नहर लिंक परियोजना 3047 करोड़, सहित पूरा नगरी सिरपुर के विकास के लिए 42 करोड़ रूपए तथा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण सड़कों के उन्नयन, नवनिर्माण के लिए करोड़ों के प्रावधान हुए हैं, जो आने वाले समय में महासमुंद विस क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की सूरत बदल देगी।



# प्रदेश के गरीब, किसान, युवा बेरोजगार, कर्मचारियों के लिए बजट में कुछ भी नहीं : कृष्णा चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरकार के बजट से प्रदेश की जनता में निराशा का वातावरण है। मिशन 2047 तक सत्ता में बने रहने का सपना देखने वाले मंत्री को 2028 के चुनाव में ही करार जवाब मिल जाएगा।

- प्रदेश के युवा रोजगार के मोहताज राज्य सरकार को 2047 का है इंतजार

उपरोक्त बातें बजट पर चर्चा करते हुए नगर पालिका के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर ने कही। चंद्राकर ने कहा कि मोदी की गारंटी में जो वायदे भाजपा ने चुनाव से पहले किए थे, आज उसको पूरा करने के लिए राज्य सरकार के बजट में कुछ भी नहीं। मिशन 2047 का दंभ भरने वाले वित्त मंत्री को पहले प्रदेश की वर्तमान दशा को सुधारने के लिए वर्तमान के लिए क्या बेहतर हो ऐसा बजट लाना था, परंतु विडंबना देखिए कि इस बजट में न किसानों मजदूरों शिक्षित बेरोजगारों के लिए कही कुछ दिखाई नहीं देता।



वही पंचायत विभाग के बजट में कटौती सरकार की गांव गरीब विरोधी सोच को प्रदर्शित करती है। प्रदेश के कर्मचारियों शिक्षकों के साथ मोदी की गारंटी के तहत किया गया वादा इस बजट में भी अधूरा रह गया।

चंद्राकर ने कहा कि वे वित्त मंत्री जो स्वयं का वीडियो वायरल कर प्रदेश के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहते थे कि तय तिथि पर महंगाई भत्ता मिलना हर कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। महंगाई भत्ते का एरियर्स देने का वादा करने वाले वित्त मंत्री की इस बजट में वो वादा भी याद न आया। चंद्राकर ने कहा कि यह बजट उद्योगपतियों के फायदों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। गांव गरीब किसान, युवाओं और कर्मचारियों के लिए इस बजट में कुछ भी बेहतर प्रयास नहीं किया है।

गांव को संवारने का जिक्र इस बजट में कही नहीं दिखा। वही नल जल योजना के बजट में भारी कटौती कर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि उनकी सरकार की प्राथमिकता में गांव गरीब और किसान का कोई स्थान नहीं है। चंद्राकर ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से छत्तीसगढ़ की जनता की कल्पनाओं से विपरीत बजट है, जिसमें प्रदेश की जनता को कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है।

# छत्तीसगढ़ का बजट जनहितकारी और विकासोन्मुखी : हुलसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को जनहितकारी और विकासोन्मुखी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पेश इस बजट में ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। किसानों की आय बढ़ाने और खेती को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रावधान किया गया है, जिससे कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



हुलसी ने कहा कि बजट में सिंचाई, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे का विकास होगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने, युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए किए गए प्रावधानों को सराहनीय बताया। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बजट को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्कूलों के उन्नयन और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

# जनकल्याण, विकास और आत्मनिर्भरता की बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ शासन का वित्तीय वर्ष 2026-27 का संकल्प थीम पर अधारित 1 लाख 72 हजार करोड़ बजट राज्य के सर्वांगीण विकास, किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा अधोसंरचना विस्तार को समर्पित एक दूरदर्शी बजट है। पार्षद पीयूष अमृत साहू ने कहा कि यह बजट सरकार ने दीर्घकालीन लक्ष्य निर्धारित कर बनाया है। जिसमें सभी वर्गो का ध्यान रखा गया है तथा महासमुंद क्षेत्र में सांसद रूपकुमारी चौधरी और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से सिकासेर कोडार नहर को परियोजना से जोड़ने के लिए 3047 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति और महानदी पर मोहमेला-सिरपुर बैराज निर्माण के लिए 690 करोड़ की स्वीकृति दिलवाई हैं। महासमुंद में नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। पीयूष ने बताया कि विधायक का फोकस लंबे समय से चल रहे विकास के रूके कामों पर है, जिसका नातीजा अब धरातल पर दिख रहा है। साथ ही नगरी निकायो में मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के जरीये बुनियादी अधोसंरचना, नागरिक सेवाओं, स्वच्छता आदि के लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कुल मिला कर 2150 करोड़ का नगरी विकास के लिए प्रावधान किया गया है। विष्णु सरकार के द्वारा प्रस्तुत इस बजट से सामान्य जनमानस में खुशी की लहर है।



# विकास, विश्वास और परिवर्तन का बजट: निधि लोकेश चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

निधि लोकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 का 'संकल्प बजट' राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक दूरदर्शी कदम साबित हो रहा है। लगभग 172 लाख करोड़ के इस बजट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव का नाम है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे पर विशेष बल दिया गया है। किसानों के लिए नई योजनाएं, सिंचाई और समर्थन मूल्य में सुधार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी। शिक्षा क्षेत्र में नवाचार आधारित शिक्षा और डिजिटल स्कूलों की पहल युवाओं के भविष्य को मजबूत करेगी। महिलाओं के लिए नई दुर्गावती योजना उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, नई सड़कें, पुल, और उद्योगों के प्रोत्साहन से प्रदेश में रोजगार और निवेश के नए अवसर खुलेंगे। यह बजट केवल संख्याओं का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि जन-जन की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प पत्र है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निश्चित ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा रहा है।



## जिले में राशन भंडारण एवं वितरण सुचारू रूप से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रबंधक सीजीएफएसए ने बताया कि विकासखंड महासमुंद अंतर्गत संचालित कुल 130 उचित मूल्य दुकानों के लिए खाद्य संचालनालय रायपुर द्वारा माह फरवरी 2026 के लिए जारी आबंटन के विरुद्ध सभी दुकानों में चावल का भंडारण पूर्ण करा लिया गया है। साथ ही उपलब्धता के अनुसार शक्कर का भंडारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है।

- शासन के आदेश अनुसार दो माह (फरवरी एवं मार्च ) का सीजीएफएसए योजना अंतर्गत किया जा रहा है चावल का एकमुश्त वितरण

उन्होंने बताया कि 15 फरवरी 2026 को माह मार्च 2026 के लिए प्राप्त आबंटन के चावल का भंडारण कार्य भी प्रगतिशील अवस्था में है। उचित मूल्य दुकान बिरकोनी, तुमगांव एवं अछोली नवागांव में भी चावल का भंडारण किया जा चुका है। आबंटन मात्रा अधिक होने एवं दुकानों में उपलब्ध स्थान के अनुरूप चरणबद्ध रूप से भंडारण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, उचित मूल्य दुकान संचालकों द्वारा माह फरवरी 2026 के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त खाद्यान्न की मांग की गई है, जिसका भी समय पर भंडारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। वर्तमान में शासन के निर्देशानुसार दो माह (फरवरी एवं मार्च 2026) का सीजीएफएसए योजना अंतर्गत चावल का एकमुश्त वितरण किया जा रहा है।

# विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध छत्तीसगढ़ निर्माण का संकल्प बजट : देवेन्द्र

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग -महिला, किसान, युवा, मजदूर और गरीब को साथ लेकर चलने वाला है। खाद्यान्न योजना से लेकर महतारी सदन, मेडिकल कॉलेज से लेकर उद्योग और सड़क विकास तक हर क्षेत्र में मजबूत प्रावधान यह साबित करते हैं कि सरकार केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि ठोस क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। यह बजट विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की ठोस आधारशिला है। जनकल्याण, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और तकनीकी प्रगति के संतुलित समावेश के साथ यह बजट प्रदेश में सकारात्मक माहौल और विश्वास का वातावरण मजबूत करेगा। देवेंद्र ने कहा कि पूरे प्रदेश के उत्तरोत्तर प्रगति को ध्यान में रखकर बनाए गए इस बजट में महासमुंद जिला भी पीछे नहीं है। महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के विशेष प्रयासों से दो बड़ी सिंचाई परियोजनाओं सिकासेर-कोडार नहर लिंक तथा सिरपुर-मोहमेला बराज के साथ ही सिरपुर के विकास के लिए 43 करोड़, नर्सिंग कॉलेज, विभिन्न विद्यालय भवनों के निर्माण के लिए करोड़ों की राशि, गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद जिले के सीधे जोड़ने वाली सड़कों सहित विधानसभा क्षेत्र के गांवों में पुल-पुलियों, सड़क मरम्मत, नवनिर्माण सहित 75 करोड़ के निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिली है। देवेंद्र ने कहा कि बजट में जिस प्रकार से किसान हित को सबसे ऊपर रखकर प्रावधान किये गए हैं, उससे किसानों में उत्साह का वातावरण है। सिकासेर से कोडार नहर लिंक परियोजना के लिए 3047 करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान कर सरकार ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन पश्चात क्षेत्र के किसानों को सूखा अकाल की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसान खरीफ के साथ-साथ रबी फसल ले सकेंगे। इस परियोजना से गरियाबंद जिले सहित महासमुंद जिले के बागबाहरा, खल्लारी, झलप-पटेवा व महासमुंद क्षेत्र के लाखों हेक्टेयर खेतों को पानी मिल सकेगा। यही नहीं सिरपुर-मोहमेला बराज के लिए 690 करोड़ का प्रावधान कर सरकार ने बता दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप किसानों की आय दोगुनी करने सिंचाई परियोजनाओं का विस्तार सरकार कर रही है। इन परियोजनाओं के माध्यम से भविष्य में किसानों को सालों तक सिंचाई जल की किल्लत से मुक्ति मिलेगी। किसान संपन्न होंगे। राज्य की अर्थव्यवस्था में खेती-किसानी का प्रमुख योगदान है, जिसके तहत सरकार ने इन वृहद परियोजनाओं को मंजूर कर बजट प्रावधान किया है। चंद्राकर ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सरकार द्वारा किए गए 1500 करोड़ का प्रावधान गरीब परिवारों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा। 75 करोड़ की लागत से 250 महतारी सदनों का निर्माण महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। 5000 करोड़ की मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना से गरीब परिवारों को मुफ्त चावल और राशन की निरंतर सुरक्षा मिलेगी, वहीं 1422 करोड़ की सामाजिक सुरक्षा पेंशन से बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और विधवाओं को सम्मानजनक जीवन का सहारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पीएम आवास के लिए अतिरिक्त 800 करोड़ से हजारों गरीबों का पक्का घर का सपना पूरा होगा। 1750 करोड़ उद्योग और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए आवंटित कर युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ को निवेश और औद्योगिक विकास का नया केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। महासमुंद जिले बड़ी सौगात देने पर देवेंद्र ने मुख्यमंत्री विष्णदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी सहित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त किया है।



## मौसम ने ली करवट, नर्रा में हवा के साथ हुई बारिश

**नर्रा।** बंगाल की खाड़ी में सक्रिय निम्न दाबव के कारण मौसम में आए बदलाव के कारण नर्रा क्षेत्र में मंगलवार को दिन में धूप छांव का दौर जारी रहा। जैसे शाम होते ही मौसम के मिजाज ने आसमान पर बदली छा गई और कुछ देर के बाद हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। लगभग आधे घंटे तक बड़े बड़े बूंद के साथ बारिश हुई। बारिश ने धान खरीदी केंद्र के कर्मचारियों की परेशानी बढ़ाई। वही स्टेक में रखे सैकड़ों क्विंटल धान जाम है। उठाव की गति धीमी होने से प्रभारियों को सूखत की चिंता सता रही है। इधर, बारिश से धान को बचाने वहां के कर्मचारी भीगते हुए तिरपाल कवर से ढंकते रहे।





## खबर संक्षेप



### ग्रेनाइट पत्थर की हो रही साफ सफाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में ग्रेनाइट पत्थर लगाया गया, नुकसान से बचाने के लिए आसपास मिट्टी की सफाई कर रहे है। गांव खरोरा में शहीद स्मारक बनाया गया है, जहां देश में शहीद हुए अमर वीर जवानों की स्मृतियां सहेजी गई है।

### सोहम हॉस्पिटल में कल उपलब्ध रहेंगे डॉ सुलभ

**महासमुंद।** स्थानीय सोहम



हॉस्पिटल में 27 फरवरी शुक्रवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर उपलब्ध रहेंगे। जहां बीपी की समस्या, चलने में हाफना, सोने में दर्द या दबाव, डिवाइस क्लोज़र, मधुमेह, पेसमेकर, वाल्वुलोप्लास्टी, उच्च रक्तचाप बीमारी की जांच की जाएगी।

### बैज को राज्यसभा भेजने की मांग की जितेंद्र ने

**पिथौरा (ग्रामीण)।** छत्तीसगढ़



युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एवं जनपद पंचायत के पूर्व सभापति जितेंद्र सिन्हा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को राज्यसभा सांसद बनाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि यह पत्र कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी तथा राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को भेजा है।



# छिलपावन-बागबाहरा मार्ग में धूल के गुबार और गड्ढों से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

विकास के दावों के बीच छिलपावन-बागबाहरा

■ सड़क का नवीनीकरण नहीं किया तो आगामी दिनों में जनता का आक्रोश होगा उग्र आंदोलन

मुख्य मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है। सड़क पर अब डामर कम और धूल ज्यादा नजर आता है। प्रशासन और विभागीय लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के स्कूली बच्चों, दुकानदारों और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। लगातार शिकायतों



के बावजूद इस संजीदा मामले में जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं।

### भारी वाहनों के 'शॉर्टकट' ने बिगाड़ी सूरत

इस बदहाली का सबसे बड़ा कारण बागबाहरा की ओर से आने वाले भारी वाहन हैं। टोल टैक्स बचाने और दूरी कम करने के चक्कर में ओवरलोडेड ट्रक और ट्रेलर धड़ल्ले से इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। क्षमता से अधिक भार के कारण सड़क जगह-जगह से धंस गई है और गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है।

### बीमारियों को न्योता देता धूल का गुबार

सबसे बुरा हाल छिलपावन चौक से लेकर बिजली ऑफिस तक का है। यहां से जब भी कोई भारी वाहन गुजरता है, तो धूल के बवंडर के कारण सामने का रास्ता तक दिखाई नहीं देता। सड़क किनारे के व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है, सामान धूल से पट जा रहे हैं। स्कूल जाने वाले नौनिहाल इसी जहरीली धूल के बीच सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोग अब अस्थमा, आंखों में जलन और एलर्जी जैसी सांस संबंधी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

### तस्वीरों में कैद बर्बादी का मंजर

तस्वीरें गवाह हैं कि सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। जगह-जगह बिखरी गिट्टियां और गड्ढे आए दिन सड़क हादसों को निमंत्रण दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हम दिनभर धूल फांकने को मजबूर हैं। शिकायतें कर थक चुके हैं, लेकिन भारी वाहनों का आना नहीं रुक रहा और न ही सड़क की मरम्मत हो रही है। यदि समय रहते भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक और सड़क का नवीनीकरण नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में जनता का आक्रोश उग्र आंदोलन का रूप ले सकता है।

**विकास कार्य : 50 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण**

# बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा व समानता का प्रतीक: खिलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा में

■ तेंदूलोथा में बनेगा 34 लाख की लागत से मुक्तिधाम

50 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल के हाथों हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वजबघेल व पार्षदगण ने विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर फीता काटकर निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज नगर में वार्ड क्रमांक 12 तेंदूलोथा में



मुक्तिधाम 34 लाख, डॉ. भीमराव अंबेडकर मूर्ति स्थापना 19 लाख, कुल 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। नपाध्यक्ष बघेल आगे कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन कार्य किया। उनकी विचारधारा आज भी समाज को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है। प्रतिमा की स्थापना से नई पीढ़ी को डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। बाबा साहेब जीवन संघर्ष की पाठशाला है और उनकी प्रतिमा समानता, शिक्षा और अधिकारों की प्रेरणा देती रहेगी। अनावरण समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने संविधान निर्माता के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

नपाध्यक्ष बघेल ने आगे कहा कि नगर क्षेत्र का बहुमुखी विकास हो रहा है। जनता के हितों को प्राथमिकता के तौर पर शामिल करते हुए उनकी खुशहाली के लिए सतत प्रयास जारी है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद सविता दीवान, शैलेष साहू, प्रीति गुप्ता, रमेश ठाकुर, मंता यादव, मोनिका साहू, मिथुन अमीर, प्रेम साहू, श्यामा चंद्राकर, शिवा जगत, अनिता तांडी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश चंद्रा उप-अभियंता दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे।

# अमलीडीह में वीबीजी राम जी चौपाल योजनाओं से जुड़ने का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

पिथौरा मंडल अंतर्गत ग्राम अमलीडीह में वीबीजी राम जी चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव, गरीब, किसान एवं मजदूर वर्ग तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ना रहा।

चौपाल में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला महासमुंद के प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी एवं प्रदेश सह-संयोजक (प्रधानमंत्री धन धान्य प्रकल्प, भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़) अजय डड़सेना उपस्थित रहे। साथ ही युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वक्ताओं ने वीबीजी राम जी अभियान के उद्देश्य, महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान शासकीय योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इसके जरिए पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाता है, साथ ही सरकारी सुविधाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाई जाती है।

चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों तक पहुंचाने की पहल भी की जाती है। कार्यक्रम में ग्राम अमलीडीह के सरपंच मिथिलेश कुमार पटेल, उपसरपंच पिंकी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और लाभ लेने की इच्छा जताई।



# शिशु संस्कार केंद्र के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिशु संस्कार केंद्र के कक्षा तीसरी से आठवीं तक के लगभग 200 विद्यार्थियों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों को नया रायपुर शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, लोटस मंदिर, फ्रीडम फाइटर म्यूजियम एवं शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान तथा आदिवासी जन-जीवन को जीवंत मूर्तियों एवं प्रदर्शनी के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से समझा। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके भीतर देशभक्ति, सामाजिक चेतना एवं सांस्कृतिक समझ विकसित करने में सहायक रही। इस आयोजन में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। बच्चों ने पूरे अनुशासन एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

# तेंदूपत्ता शखकर्तन प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली-बसना परिक्षेत्र के अंतर्गत वन कैंपस सरायपाली में तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2026 के लिए तेंदूपत्ता शाखकर्तन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथिगण प्रमोद कुमार चंद्राकर अध्यक्ष एवं अमर नाग उपाध्यक्ष जिला यूनियन लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. महासमुंद एवं जेआर बंजारे उप प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज महासमुंद, उदय राम बसंत संयुक्त वनमंडलाधिकारी, प्रत्यूष टांडेय परिक्षेत्र अधिकारी समस्त प्रबंधक / समस्त पोषक अधिकारी, फड़ मुंशी सरायपाली/बसना परिक्षेत्र एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा श्रमिक, फायर वाचर मौजूद रहे। माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लघु वनोपज तेंदूपत्ता (हरा सोना) संग्रहण के लिए बसंत ऋतु में तेंदूपत्ता के संग्राहकों द्वारा



तेंदूपत्ता शाखकर्तन का कार्य प्रति वर्ष किया जाता है। शाखकर्तन में सही नियम का पालन कर शाखकर्तन कटाई करने से उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जाता है। जिसके लिए कार्यशाला में अतिथियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए तेंदूपत्ता शाखकर्तन एवं अग्नि सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



### कन्या कॉलेज में राष्ट्रीय स्तर पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर के पाँच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के सहयोग से 24 से 28 फरवरी तक हाइब्रिड माध्यम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, शोध, नीति-निर्माण एवं प्रशासनिक नेतृत्व के क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, समावेशी एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना तथा महिलाओं एवं वंचित वर्गों की निर्णय-निर्माण प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक अंजना रानी, लोक प्रशासन विभाग, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक (हरियाणा) ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनका व्याख्यान विषय था महिला एवं डिजिटल समावेशन : निर्णय निर्माण और प्रौद्योगिकी में बढ़ती समानता। कार्यक्रम का संचालन डॉ सरस्वती वर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ स्वेतलाना नागल ने किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याताओं, जनभागीदारी शिक्षकों एवं महाविद्यालयीन अशैक्षणिक स्टॉफ गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ लोकनाथ तारक, डॉ चित्रलेखा साहू, डॉ हेमेंद्र साहू, डॉ संजय कुमार वर्मा, दूलामणि रौतिया, प्रेरणा कापसे, पूजा साहू, चमन आडिले, संतराम मन्नाडे, रामकृष्ण साहू, अश्वनी कुमार लोधी, अहिल्या लहरे, मनीष बंजारे, विनोद बंजारे तथा कामिन निषाद का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### दीपक बने सिविल जज



**महासमुंद।** प्रतिभा, परिश्रम और निरंतर समर्पण की मिसाल दीपक कुमार चंद्राकर का सिविल जज पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार सहित क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। वर्तमान में रायपुर में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी के रूप में कार्यरत दीपक कुमार चंद्राकर, चंद्रिका प्रसाद एवं प्रेमलता चंद्राकर के सुपुत्र हैं। उनका परिवार मूलतः महासमुंद से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4 भिलाई से 12वीं तक पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने हिदायतुलाह नेशनल यूनिवर्सिटी रायपुर से बीए, एलएलबी (ऑनर्स) की डिग्री प्राप्त कर विधि शिक्षा पूरी की। पढ़ाई पूर्ण होते ही उनका चयन रायपुर में लोक अभियोजन विभाग में हो गया, जहां वे सहायक लोक अभियोजन अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। हाल ही में आयोजित सिविल जज परीक्षा में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 28वां रैंक हासिल किया और सिविल जज पद पर चयनित हुए। इस सफलता से उनके माता-पिता एवं परिजनों का नाम गौरवान्वित हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

# जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्रबंधकारिणी समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास के अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एवं पदेन सचिव, जिला खनिज संस्थान न्यास हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू एवं सदस्यगण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में छत्तीसगढ़ राजपत्र के अंतर्गत संशोधित छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 (संशोधन 2025) के प्रावधानों के अनुसार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों की अद्यतन सूची तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में न्यास की आय-व्यय की स्थिति की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन एवं उसके पालन प्रतिवेदन पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही न्यास द्वारा स्वीकृत कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रस्तुत करने तथा अपूर्ण कार्यों की शेष राशि ब्याज सहित न्यास में वापस करने के निर्देश दिए गए। निरस्त किए गए कार्यों से संबंधित राशि की वसूली की प्रक्रिया को भी तेज करने पर सहमति बनी। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025-26 के त्रैमासिक प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए वर्ष 2024-25 की ऑडिट रिपोर्ट के अनुमोदन पर चर्चा की गई। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि डीएमएफ की राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता एवं नियमों के अनुरूप खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।







